Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding request to help the farmers under the Kisan Samman Nidhi Yojana.

श्री दुर्गा दास उईके (बैतूल): महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं आपको सादर नमस्कार करता हूँ । मैं मध्य प्रदेश के बैतूल हरसूद आदिवासी लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ । किसानों के हित में हमारा आपसे विनम्र अनुरोध है कि किसानों को सबल बनाने और उन्हें आंशिक मदद पहुँचाने के उद्देश्य से भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि के नाम से एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है । जिसमें प्रतिवर्ष किसानों को दो-दो हजार रुपये की तीन समान किश्तों में कुल 6 हजार रुपये की राशि दिए जाने का प्रावधान है । इसके लिए राजस्व विभाग द्वारा किसानों से जरूरी कागजात भी जमा करवाये जा रहे हैं । मगर आदिवासी बहुल वन ग्रामों के किसानों को इस योजना के लाभ से वंचित रखा गया है, जिससे वनांचल में निवासरत वन ग्रामों के किसानों में नाराजगी है । बैतूल जिले की तहसील घोड़ाडोंगरी, शाहपुर, भैंसदेही, भीमपुर, आठनेर, आमला, प्रभात पट्टन आदि विकास खंडों में हमारे आदिवासी समाज के जो किसान वन ग्रामों में रहते हैं, उनको यह लाभ नहीं मिल रहा है । मेरा भारत शासन और कृषि मंत्री जी से अनुरोध है कि कृपा करके इन ग्रामों में निवासरत किसानों को लाभ पहुँचाएं । धन्यवाद । जय हिन्द ।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Durga Das Uikey: